लोक सभा अध्यक्ष 17 से 21 अक्तूबर, 2015 तक जेनेवा, स्विट्ज़रलैंड में आयोजित की जा रही अंतर संसदीय संघ की 133 वीं सभा में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगी

नई दिल्ली, 16 अक्तूबर, 2015 : माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल 17 से 21 अक्तूबर, 2015 तक आयोजित की जा रही अंतर संसदीय संघ की 133 वीं सभा में भाग लेने के लिए जेनेवा, स्विट्ज़रलैंड के लिए रवाना हुआ। इस शिष्टमंडल में सर्वश्री ईश्वरलाल शंकरलाल जैन,संसद सदस्य, रंगासायी रामाकृष्णा , संसद सदस्य, नगेन्द्र सिंह, संसद सदस्य, राज कुमार सिंह, संसद सदस्य, डॉ हरी बाबू कंभमपति, संसद सदस्य, श्रीमती गीता कोथापल्ली , संसद सदस्य, श्रीमती वी सत्यभामा, संसद सदस्य, श्री दुष्यंत चौटाला, संसद सदस्य, प्रोफेसर एम वी राजीव गौड़ा, लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के शेरिफ शामिल हैं ।

इस सभा के दौरान ' न्यायप्रिय, बेहतर और अधिक संवेदनशील प्रवास की नैतिक और आर्थिक अनिवार्यता' के विषय पर आम चर्चा होगी। माननीय लोक सभा अध्यक्ष आम चर्चा के दौरान सभा को सम्बोधित करेंगी ।

इस सभा की कार्यसूची में अंतरराष्ट्रीय महत्त्व की एक मुख्य घटना से संबंधित आपात मद भी शामिल की जाती है जिस पर अंतर संसदीय संघ द्वारा अपनी राय व्यक्त किया जाना आवश्यक प्रतीत हो। आपात मदों को शामिल किये जाने के अनुरोध सदस्य देश करते हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने सभा की कार्यसूची में आपात मद शामिल करने का अनुरोध किया है। शिष्टमंडल के एक सदस्य आपात मद पर चर्चा में भाग लेंगे ।

अंतर संसदीय संघ की चार स्थायी समितियों की बैठकें भी इस सभा के दौरान होंगी जिनमें शिष्टमंडल के सदस्य भाग लेंगे ।

महिला सांसद भी इस सभा के दौरान बैठक करेंगी और श्रीमती गीता कोथापल्ली, संसद सदस्य और श्रीमती वी सत्यभामा, संसद सदस्य इन बैठकों में भाग लेंगी ।

अंतर संसदीय संघ की शासी परिषद भी सभा के दौरान बैठक करेगी। माननीय लोक सभा अध्यक्ष और शिष्टमंडल के अन्य सदस्य इन बैठकों में भाग लेंगे ।

अंतर संसदीय संघ के युवा सांसदों का मंच सभा की कार्यसूची की मदों और इसके निष्कर्षों पर युवाओं के दृष्टिकोण से विचार-विमर्श करेगा ।श्रीमती गीता कोथापल्ली , संसद सदस्य और श्री दुष्यंत चौटाला, संसद सदस्य इन बैठकों में भाग लेंगे ।

उपर्युक्त सम्मेलन के दौरान दो पैनल चर्चाएं भी होंगी जिसमें भारतीय शिष्टमंडल के सदस्य भाग लेंगे ।

शिष्टमंडल क्षेत्रीय एशिया-प्रशांत ग्रुप की बैठक में भाग लेगा ।

लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के शेरिफ संसदों के महासचिवों के संघ की बैठक में भाग लेंगे।